तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 11 जनवरी 2025



13 नवोदय प्रवेश के लिए ब्लॉक स्तर पर हुआ मॉक टेस्ट



14 प्राथमिक और मिडिल स्कूल में हुई पालक मेगा बैठक






## खबर संक्षेप

### जिले के ग्राम पटेलों की बैठक महार भवन में 12 को

**गुरूर।** जिला के ग्राम पटेलों की मासिक बैठक अंबेडकर चौक महार भवन में 12 जनवरी को 11 बजे आयोजित किया गया है। जिसमें जिला बालोद के समस्त ग्राम पटेलों को उपस्थित होने की अपील की गई है। यह जानकारी तहसील गुरुर के कोषाध्यक्ष सूरज राम लावत्रे द्वारा दी गई।

### पुलगांव में कल लोक महोत्सव आज से

**अंडा।** पुलगांव में प्रति वर्ष की तरह इस साल भी नवयुग दुर्गा समिति एवं वार्ड वासी के सहयोग से चार दिवसीय लोक महोत्सव का 11 जनवरी से शानदार आयोजन होगा। समिति के संरक्षक लक्ष्मीकांत दुबे (रज्जु ) ने बताया कि चार दिवसीय होने वाले लोक महोत्सव में छत्तीसगढ़ के संस्कृति को सहजने का एक छोटा सा प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंचल के कलाकारों द्वारा रामचरित्र मानस गान का पाठ, बांस गीत, सुवा नित्य, राउत नाच का आयोजन होगा एवं साथ ही साथ गांव में मेला मड़ई और रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम मोर मयारू संगी भी अपनी प्रस्तुति देंगे। दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। समिति के संचालक दिनेश यादव एवं सतीश साहू ने लोक महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### वाहन चालक करें हेलमेट और सुरक्षा बेल्ट का उपयोग

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने मोटरयान (संशोधन) अधिनियम 2019 अंतर्गत वाहन चालन के समय नियमानुसार सुरक्षा बेल्ट एवं हेलमेट के उपयोग के प्रावधान के संबंध में शासकीय सेवकों के लिए आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि बढ़ती हुई सड़क दुर्घटना को देखते हुए शासकीय सेवकों द्वारा वाहन चालन के समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट धारण करना अनिवार्य है, जिससे स्वयं, परिवारजन एवं जन सामान्य की सुरक्षा के साथ–साथ नियमों की अनुपालन की प्रतिबद्धता का आदर्श प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने जिले के समस्त कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालय में पदस्थ, कार्यरत समस्त अधिकारी–कर्मचारियों को वाहन चालन के समय अनिवार्य रूप से यातायात के निर्देश एवं नियमों का पालन करने कहा है।

### किसानों से ऋण वसूली शिविर 15 से

**बालोद।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित बालोद द्वारा ऋण वसूली शिविर का आयोजन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सेवा सहकारी समिति पोण्डी एवं सांकरा क में 15 जनवरी तथा धनेली एवं कनेरी में 17 जनवरी को ऋण वसुली शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित बालोद ने बताया कि 15 जनवरी को जिले के बालोद विकासखण्ड अंतर्गत सेवा सहकारी समिति पोण्डी में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तथा सेवा सहकारी समिति सांकरा क में दोपहर 1.30 से 3.30 बजे तक ऋण वसूली शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह 17 जनवरी को जिले के गुरूर विकासखण्ड अंतर्गत सेवा सहकारी समिति धनेली में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तथा सेवा सहकारी समिति कनेरी में दोपहर 1.30 से 3.30 बजे तक ऋण वसूली शिविर आयोजित की जाएगी। उन्होंने संबंधित ऋणी, जमानतदार कृषकों को ऋण वसूली शिविर में उपस्थिति होने कहा है।

---


## चुनाव : महिलाओं को भी मिला मौका, दावेदार आने लगे सामने

# जनपद की 60 पंचायतों के लिए सरपंच का आरक्षण पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद जनपद क्षेत्र के अंतर्गत 60 पंचायतों के सरपंच पद का आरक्षण किया गया। इसमें ग्राम पंचायत परसदा में आदिवासी मुक्त, ग्राम पंचायत सांकरा ज में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत दरबारी नवागांव में अनारक्षित मुक्त, ग्राम पंचायत जगन्नाथपुर में अनुसूचित जनजाति महिला, ग्राम पंचायत घुमका में अनारक्षित मुक्त, ग्राम पंचायत कोहंगाटोला में अनुसूचित जन जाति महिला, ग्राम पंचायत मनौद में ओबीसी मुक्त, ग्राम पंचायत तरौद में अनारक्षित मुक्त, ग्राम पंचायत खेरथाडीह में अनुसूचित जनजाति मुक्त, ग्राम पंचायत जुंगेरा में अनुसूचित जनजाति मुक्त, ग्राम पंचायत भोथली में अनारक्षित महिला, ग्राम पंचायत ओरमा में अनारक्षित महिला, ग्राम पंचायत बघमरा मे अनारक्षित मुक्त, ग्राम पंचायत टेकापार मे अनारक्षित महिला आरक्षण प्रदान किया गया है।

ग्राम पंचायत नेवारीकला में अनारक्षित महिला, ग्राम पंचायत देवीनवागांव में अनारक्षित मुक्त, ग्राम पंचायत अरौद में अनुसूचित जनजाति मुक्त, ग्राम पंचायत भोईनापार में अनारक्षित महिला। ग्राम पंचायत खपरी में अनुसूचित जनजाति मुक्त, ग्राम पंचायत लाटाबोड़ मे अनुसूचित जनजाति मुक्त आरक्षण प्रदान किया गया है। ग्राम पंचायत लोण्डी में ओबीसी मुक्त, ग्राम पंचायत भेंगारी में अनारक्षित मुक्त, ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी मे अनारक्षित मुक्त, ग्राम



पंचायत निपानी मे अनुसूचित जाति मुक्त, ग्राम पंचायत तमोरा में अनारक्षित मुक्त, ग्राम पंचायत लिमोरा में अनारक्षित मुक्त, ग्राम पंचायत मुजगहन में अनारक्षित मुक्त, ग्राम पंचायत भेड़ियानवागांव में ओबीसी मुक्त, ग्राम पंचायत बोड़की में अनारक्षित महिला आरक्षण प्रदान किया गया है।

ग्राम पंचायत बेलमांड में अनारक्षित महिला, ग्राम पंचायत पड़कीभाट में ओबीसी मुक्त, ग्राम पंचायत उमरादाह में अनारक्षित मुक्त, ग्राम पंचायत हीरापुर मे अनुसूचित जाति मुक्त, ग्राम पंचायत झलमला में अनुसूचित जनजाति महिला, ग्राम पंचायत सिवनी में अनुसूचित जनजाति मुक्त, ग्राम पंचायत पोण्डी में ओबीसी महिला, ग्राम पंचायत जगतरा में अनुसूचित जनजाति मुक्त, ग्राम पंचायत परसोदा में अनारक्षित महिला, ग्राम पंचायत चिचबोड़ में अनारक्षित महिला आरक्षण प्रदान किया गया है। ग्राम पंचायत अंगारी में सामान्य महिला, ग्राम पंचायत जामगांव बी में अनारक्षित मुक्त, ग्राम पंचायत करहीभदर में अनुसूचित जनजाति मुक्त आरक्षण प्रदान किया गया है। ग्राम पंचायत कन्नेवाड़ा में अनारक्षित महिला आरक्षण प्रदान किया गया है। ग्राम पंचायत सांकरा क मे अनुसूचित जनजाति मुक्त आरक्षण प्रदान किया गया है। ग्राम पंचायत जमरूवा में अनुसूचित जनजाति महिला आरक्षण प्रदान किया गया है। ग्राम पंचायत देवारभाट मे अनुसूचित जनजाति महिला आरक्षण प्रदान किया गया है। ग्राम पंचायत मटिया बी में अनारक्षित मुक्त आरक्षण प्रदान किया गया है। ग्राम पंचायत मुल्लेगुड़ा में अनारक्षित मुक्त आरक्षण प्रदान किया गया है। ग्राम पंचायत मालगांव में अनुसूचित जनजाति महिला आरक्षण प्रदान किया गया है। ग्राम पंचायत नर्रा में ओबीसी महिला आरक्षण प्रदान किया गया है। ग्राम पंचायत बरही मे ओबीसी महिला मुक्त आरक्षण प्रदान किया गया है। ग्राम पंचायत डेंगरापार में अनारक्षित महिला आरक्षण प्रदान किया गया है। ग्राम पंचायत चारवाही में अनारक्षित महिला आरक्षण प्रदान किया गया है। ग्राम पंचायत चिरईगोड़ी मे अनारक्षित महिला आरक्षण प्रदान किया गया है। ग्राम पंचायत हथौद में अनुसूचित जाति महिला आरक्षण प्रदान किया गया है। ग्राम पंचायत खैरतराई में अनुसूचित जाति महिला आरक्षण प्रदान किया गया है। ग्राम पंचायत बिरेतरा में अनारक्षित मुक्त आरक्षण प्रदान किया गया है। ग्राम पंचायत बोरी में अनुसूचित जनजाति महिला आरक्षण प्रदान किया गया है।

### 14 क्षेत्रों के लिए जिपं सदस्यों का आरक्षण

**बालोद।** जिला पंचायत बालोद के 14 सदस्यों के लिए शुक्रवार को आरक्षण कर दिया गया। जिसके तहत क्षेत्र क्रमांक 1 अनुसूचित जाति महिला, क्षेत्र क्रमांक 2 अनारक्षित महिला, क्षेत्र क्रमांक 3 अनारक्षित महिला, क्षेत्र क्रमांक 4 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, क्षेत्र क्रमांक 5 अनारक्षित मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 6 अनुसूचित जनजाति महिला, क्षेत्र क्रमांक 7 अनुसूचित जनजाति महिला, क्षेत्र क्रमांक 8 अनुसूचित जनजाति मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 9 अनारक्षित महिला, क्षेत्र क्रमांक 10 अनारक्षित मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 11 अनुसूचित जनजाति महिला, क्षेत्र क्रमांक 12 अनुसूचित जनजाति मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 13 अनारक्षित महिला महिला एवं क्षेत्र क्रमांक 14 अनारक्षित मुक्त आरक्षण प्रदान की गई है।

### बालोद जपं अजजा महिला के लिए आरक्षित

**बालोद।** जिले के 5 जनपद पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण पूर्ण हुआ। इसमें बालोद जनपद पंचायत अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति महिला के लिए आरक्षण दिया गया है। गुरूर जनपद पंचायत अध्यक्ष अनारक्षित महिला के लिए आरक्षण किया गया है। गुण्डरदेही जनपद पंचायत अध्यक्ष अनारक्षित मुक्त आरक्षण दिया गया है। डौण्डीलोहारा जनपद पंचायत अध्यक्ष अनारक्षित महिला आरक्षण दिया गया है। डौण्डी जनपद पंचायत अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मुक्त आरक्षण दिया गया है।

## गुरूर जनपद की 77 ग्राम पंचायतों के सरपंच पद का आरक्षण संपन्न

**गुरूर।** जनपद क्षेत्र के अंतर्गत 77 ग्राम पंचायतों के सरपंच पद का आरक्षण किया गया है। अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित ग्राम पंचायतों में अनुसूचित जाति वर्ग महिला के लिए ग्राम पंचायत बोहारा, कुम्हारखान, दरगहन आरक्षण दिया गया है। अनुसूचित जाति वर्ग मुक्त मे ग्राम पंचायत हसदा, कंवर को प्रदान किया गया है। अनुसुचित जनजाति वर्ग में महिलाओं के लिए ग्राम पंचायत देवकोट, घोघोपुरी, मोहारा, भेजामैदानी, दर्रा, फागुनदाह, अकलवारा, नारागांव को आरक्षित किया गया है। अनुसुचित जनजाति वर्ग मुक्त मे ग्राम पंचायत उसरवारा, पेवरो, कपरमेटा, सनौद, परसुली, सुर्रा, चंदनबिरही, डढ़ारी को आरक्षण प्रदान किया गया है। अन्य पिछड़ा वर्ग महिला आरक्षण में ग्राम पंचायत रमतरा, बागतराई, ठेकवाडीह, तार्री, बड़भूम, पोड, धोबनपुरी, बोरिदकला, टेगना बरपारा को आरक्षण प्रदान किया गया है। अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त मे ग्राम पंचायत धनेली, पेरपार, सरबदा, अरकार, कन्हारपुरी, डाण्डेसरा, धानापुरी, आनंदपुर को आरक्षण प्रदान किया गया है।

■ ग्रापं बोहारा, कुम्हारखान, दरगहन अनुसूचित जाति वर्ग महिला के आरक्षित

### अनारक्षित वर्ग महिला

अनारक्षित वर्ग महिला के लिए ग्राम पंचायत सोनईडोंगरी, ओझागहन, सोहपुर, बोरतरा, गंगोरीपार, कोसागोंदी, मुड़गहन, भोथली, मिर्रीटोला, बगदई, जेवरतला, बोड़रा, मोखा, कोचवाही,, पिकरीपार, कोलिहामार, ढुपचेरा, धनोरा, डोटोपार, अर्जुनी का सरपंच पद आरक्षित किया गया है। अनारक्षित मुक्त में ग्राम भिरई, पेण्डरवानी, हितेकसा, भुलनडबरी, भरदा, छेड़िया, चिटौद, कनेरी, बासीन, अरमरीकला, खुंदनी, बोहारडीह, सोरर, खर्रा, बालोदगहन, भानपुरी, सांगली, कुलिया, करेंझर के सरपंच पद होंगे।

## नगर पालिका में आरक्षण के बाद बदला समीकरण

**दल्लीराजहरा।** नगर पालिका दल्लीराजहरा अध्यक्ष की सीट का आरक्षण बदलने के बाद वहां के राजनीतिक परिदृश्य में स्पष्ट प्रभाव देखने को मिल रहा है। जब यह सीट पिछड़ा वर्ग मुक्त (ओपन कैटेगरी) हो गई, तो कुछ ऐसे लोग, जो पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के तहत अपनी दावेदारी मजबूत मान रहे थे, उनके सपनों को झटका लगा। वहीं, ओपन कैटेगरी के तहत आने वाले उम्मीदवारों के लिए नए अवसर खुल गए, जिससे उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक रही है। यह बदलाव चुनावी रणनीतियों और समीकरणों को भी प्रभावित करेगा। स्थानीय स्तर पर राजनीतिक दल और उम्मीदवार अपनी रणनीतियों को फिर से तैयार कर रहे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि इस आरक्षण परिवर्तन के बाद कौन से नेता और दल अधिक लाभ उठाते हैं और जनता की आकांक्षाओं को किस तरह से पूरा करने का वादा करते हैं। दल्लीराजहरा भाजपा कांग्रेस दोनों पार्टियों के बीच उम्मीदवार मानने वाले महिला पुरुषों के चेहरे मुरझा गए हैं। पिछड़ा वर्ग मुक्त हो जाने की वजह से कुछ नए लोगों के चेहरे सामने आने की संभावना बनी हुई है। हालांकि पिछले 5 वर्षों से नगर पालिका अध्यक्ष की सीट के लिए जद्दोजहद करने वालों के सपने टूटे हैं और अब वे लोग सुरंग की ओर या गुफा की ओर चले गए हैं, कुछ लोग भूमिगत होने लगे हैं।

■ बनने लगी नई चुनावी रणनीति




## अधिकारी-कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति की जांच में पहुंचे कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय में विभिन्न विभागों एवं शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रातः 10 बजे संयुक्त जिला कार्यालय के विभिन्न विभागों का एक–एक कर निरीक्षण करते हुए कार्यालय में उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति का जायजा लिया।

■ कलेक्टोरेट में विभिन्न विभागों का किया निरीक्षण, समय पर आने-जाने का पालन करने दिए निर्देश

इस दौरान उन्होंने जिला खनिज शाखा, आदिम जाति कल्याण विभाग, भू–अभिलेख शाखा, खाद्य विभाग, रिकार्ड रूम, जनसंपर्क विभाग, सांख्यिकी विभाग, जिला अंत्यावसायी, हथकरघा, जिला कोषालय, आबकारी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, निर्वाचन कार्यालय, श्रम विभाग, क्रेडा विभाग सहित संयुक्त जिला कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर अधिकारी–कर्मचारियों के समय पर उपस्थिति का जायजा लिया। चन्द्रवाल ने सभी अधिकारी–कर्मचारियों को प्रतिदिन सुबह 10 बजे से कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने तथा शाम 05.30

▶▶| शेष पेज 13 पर

## धान बोरों से भरा ट्रक पलटा, सड़क पर बिखरी बोरियां...



**बालोद।** ग्राम तालगांव और रानी माई मंदिर के बीच मोड़ के पास धान से भरी एक 16 चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। ट्रक के पलटने के बाद धान से भरी बोरियां सड़क और किनारे में बिखर गई। जहां एक ओर सोसाइटियों में धान परिवहन की धीमी गति से खरीदी प्रभावित होने की बात सामने आती है, वहीं अब धान के ओवरलोड परिवहन के कारण इस तरह से हादसे का भी एक मामला सामने आ गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उक्त ट्रक डौंडी से धान लोडकर बालोद की ओर जा रही थी।

### 26 और 30 जनवरी शुष्क दिवस घोषित

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस 30 जनवरी को जिले के देशी, विदेशी मदिरा दुकानों को पूर्णतः बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने शासन के निर्देश के अंतर्गत जिले के देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान एवं विदेशी मदिरा दुकान को 26 जनवरी एवं 30 जनवरी को बंद रखने के निर्देश दिए हैं। इस अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## मोर आवास की घोषणा करने पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम के तहत लगभग चार लाख लोगों को आवास मिलेगा। मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम में मुख्य आतिथ्य के रूप में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आगमन हुआ, जिसमें शामिल होने बालोद मंडल के कार्यकर्ता रवाना हुए।

इस अवसर पर पूर्व सदस्य राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग यशवंत जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वय कमलेश सोनी व सुरेश निर्मलकर, मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, महामंत्री नरेन्द्र सोनवानी, दीपक देवांगन, विनोद जैन, अजय बाफना, प्रीतम यादव, एवन साहू, जीतू निर्मलकर, सुनील यादव, मिलन ठाकुर, चिंता साहू, टिकेश साहू, सुनील यादव, प्रदीप कोसरिया, दयाल बघेल, चिंताराम साहू, युगल साहू, गौकर्ण साहू, मनहरण नेताम, प्रदीप कोसरिया, संतोष साहू, पोषण साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मॉक टेस्ट से बच्चों को प्रश्नों के प्रकार और परीक्षा के प्रारूप को समझने में मिली सहायता

# 125 छात्रों ने दिया नवोदय प्रवेश की मॉक टेस्ट परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखंड डौंडीलोहारा में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025-26 हेतु विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन और तैयारी के लिए विकासखंड मुख्यालय पर मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। इस मॉक टेस्ट का उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा पैटर्न, समय प्रबंधन और प्रश्नों को हल करने की तकनीक से परिचित कराना है।

इस कार्यक्रम में विकासखंड के विभिन्न स्कूलों के 125 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मॉक टेस्ट के दौरान विद्यार्थियों को वास्तविक परीक्षा जैसा माहौल प्रदान किया गया, जिससे उनकी तैयारी को और अधिक सशक्त बनाया जा सके, मॉक टेस्ट के माध्यम से बच्चों को प्रश्नों के प्रकार और परीक्षा के



प्रारूप को समझने में सहायता मिली। मॉक टेस्ट ने बच्चों को समयबद्ध तरीके से उत्तर देने की कला सिखाई। इस अभ्यास ने बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाया और उन्हें अपनी कमियों को पहचानने का मौका दिया। मॉक टेस्ट के परिणामों के आधार पर बच्चों को अपनी तैयारी के कमजोर पक्षों पर काम करने का मौका मिला। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षकों और प्रशिक्षकों ने बच्चों को परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स दिए और उन्हें प्रेरित किया। इस आयोजन के लिए स्थानीय शिक्षकों, पालकों, और प्रशासन का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ।

इस मॉक टेस्ट के सफल आयोजन से विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा ने उत्साहवर्धन करते हुए कार्यक्रम की तारीफ किए। परीक्षा को सफल बनाने के लिए संकुल समन्वयक मोहित भौंसार्य, प्राचार्य प्रदीप मेश्राम, अविनाश साहू, केंद्राध्यक्ष तेजस्वी नाथ योगी, सहायक नरेंद्र साहू, कनक कुमार साहू,गिरीश कुमार निर्मोही ,धर्मेन्द्र कुमार देशमुख, तोमेश्वर देशमुख, मालती यादव, विद्यावती साहू, राजेश कुमार लारेन्द्र, बलराम बर्सेल,दुर्गा बारेकर, आदि शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय ने दी विश्व हिंदी दिवस की बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के नागरिकों को 10 जनवरी विश्व हिंदी दिवस की बधाई दी है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह एक समाज की आत्मा होती है, जो उसकी पहचान और संस्कृति को प्रदर्शित करती है।राष्ट्रभाषा हिंदी से पूरी दुनिया में हमारी पहचान कायम होती है। यह हमें एकता के सूत्र में पिरोए रखती है। श्री साय ने कहा, हम सबका दायित्व है कि अपनी राष्ट्रभाषा हिंदी का सम्मान बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास करें। बच्चों को राष्ट्रभाषा के गौरव की कहानियां और संस्मरण बताएं तथा हिंदी के प्रति रुचि विकसित करें। हिंदी को राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित-प्रसारित करें, जिससे हिंदी अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में लोकप्रिय बन सके।

### छत्तीसगढ़ सिंधी समाज का प्रतिनिधिमंडल मुंबई रवाना



**रायपुर।** विश्व सिंधी सेवा सिंधी समाज द्वारा मुंबई क्षेत्र के सिलवासा में चार दिवसीय 9 से 12 जनवरी तक अंतर्राष्ट्रीय विश्व सिंधी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में देश-विदेश से सिंधी समाज के 600 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। यह जानकारी समाज के पदाधिकारियों ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने छत्तीसगढ़ से सिंधी समाज का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को हवाई मार्ग से मुंबई के लिए रवाना हुआ। सम्मेलन में शामिल होने वाले प्रतिनिधिमंडल में विश्व सेवा संगम छग के अध्यक्ष डीआर वाधवानी, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, छग सिंधी साहित्य संस्थान के पूर्व अध्यक्ष अमित जीवन, सिंधी समाज के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार तारवानी, सिंधी पंचायत युवा विंग राजेश वासवानी और व्यवसायी किशनचंद वाधवानी शामिल हैं।

### सांसद बृजमोहन ने सेन समाज का किया सम्मान




**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बुधवार को सर्व सेन समाज जिला रायपुर को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। यह सम्मान बुजुर्गों की चौपाल संस्था के कार्यक्रम में सेन समाज जिला रायपुर उत्कृष्ट सेवा कार्य करने के लिए दिया गया। इसी दौरान सेन समाज ने भविष्य में भी दिव्यांग आश्रमों एवं वृद्धाश्रम में समय-समय पर निशुल्क सेवा कार्य करने का संकल्प लिया। यह जानकारी जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज ठाकुर और सचिव दिलीप सेन ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में रमेश दाऊलाल श्रीवास, सुशील कौशिक, नारायण प्रसाद सेन, नोहर लाल सेन, कमलेश श्रीवास, रोशन ठाकुर, सुशील श्रीवास, राधेश्याम श्रीवास, दिलीप सेन, ईश्वर सेन, छल्लूराम ठाकुर आदि पदाधिकारी शामिल थे।

### सतनामी समाज की बैठक आज

**रायपुर।** गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से सतनामी समाज की बैठक होगी। यह बैठक न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास अकादमी भवन में 11 जनवरी को दोपहर 2 बजे होगी। समिति के अध्यक्ष केपी खण्डे, महासचिव डॉ. जेआर सोनी एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि बैठक में आगामी 2 फरवरी को आयोजित राष्ट्र स्तरीय विवाह योग्य सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन कार्यक्रम की रूपरेखा तयकर प्रमुखजनों को जिम्मेदारी दी जाएगी। साथ ही प्रचार-प्रसार के लिए पंजीयन फार्म एवं पाम्पलेट का वितरण किया जाएगा। बैठक में सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं महिला मंडल के सदस्यों को उपस्थित होने की अपील की गई है।

# मोवा ओवरब्रिज में घटिया डामरीकरण की खुली पोल, 24 घंटे में ही उखड़ने लगी रोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर।

अलग खबर

राजधानी रायपुर के मोवा ओवरब्रिज पर डामरीकरण का काम किस गुणवत्ता के साथ हुआ है, इसका खुलासा गुरुवार को इस ब्रिज पर गाड़ियों के आवागमन शुरू होते ही दिखाई देने लगा। रोड पर गाड़ियों के गुजरते ही डामर के साथ गिट्टी भी उखड़ने लगी है, जिसके कारण यहां डस्ट भी उड़ने लगा है, जिससे लोग भी परेशान होते रहे। ब्रिज पर डामरीकरण का काम मंगलवार को शुरू किया गया था, जो बुधवार को देर शाम खत्म हुआ था। इस तरह डामरीकरण के काम को पूरा हुए 24 घंटे भी नहीं बीते थे और यह रोड उखड़ना शुरू हो गई है। इस घटिया निर्माण ने एजेंसी की भी पोल खोल दी है, जिसे इसका टेंडर मिला हुआ है। बारिश के कारण मोवा ओवरब्रिज की सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गई थी। कई जगह गड्ढे भी हो गए थे। इस सड़क को फिर से नया करने के लिए डामरीकरण कराने का काम पिछले कुछ दिनों से चल रहा था। इसके लिए एजेंसी को ठेका दिया गया है। एजेंसी ने ब्रिज पर डामरीकरण का काम करने के लिए कुछ दिनों तक मार्ग को बंद भी किया था, जिसके कारण वाहन सवार लोगों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। डामरीकरण होने के बाद भी इस मार्ग को खोल दिया गया, पर इसके खुलने पर भी गाड़ियों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि डामरीकरण के बाद भी रोड उखड़ने लगी है।

## ब्रिज पर डामरीकरण का काम करने के लिए कुछ दिनों तक मार्ग को किया था बंद

### बोरी भर-भर के निकल रही गिट्टी

ब्रिज पर आवागमन शुरू होने के बाद जब रोड उखड़ने लगी, तो इसकी जानकारी एजेंसी को मिली। एजेंसी ने इसके बाद आनन-फानन में रोड की सफाई कराने के लिए यहां उखड़ी गिट्टी व डस्ट को कर्मचारियों की मदद से झाड़ू लगाकर और मशीन के माध्यम से पहले एक किनारे किया। इसके बाद रापा के जरिए गिट्टी और डस्ट को बोरियों में भरकर दूसरी जगह पर डंप कराया। इस तरह कई बोरी भरकर गिट्टी व डस्ट को यहां से हटाया गया।



### गिट्टी ज्यादा, डामर कम फिर भी बना दी सड़क

सूत्रों के अनुसार जिस एजेंसी द्वारा ब्रिज पर डामरीकरण का काम किया गया है, उसके पास पर्याप्त मात्रा में डामर नहीं था। इसके बाद भी एजेंसी ने कम डामर में ही यहां डामरीकरण का काम करा दिया है। यही कारण है कि गाड़ियों का आवागमन शुरू होते ही सड़क उखड़ने लगी है।

## अतिक्रमण पर प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी

# शासकीय भूमि पर कहीं बनाए जा रहे थे मकान, तो कहीं बन चुके थे वॉश व लेबर रूम, सभी तोड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रशासन इन दिनों शासकीय एवं निजी जमीनों पर किए गए अतिक्रमण पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रहा है। यह कार्रवाई शहरी क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में भी की जा रही है।

राजस्व विभाग की टीम ने शुक्रवार को ग्राम टेमरी में कार्रवाई करते हुए शासकीय जमीन को कब्जा से मुक्त कराया। करीब एक एकड़ जमीन पर दो लोग मिलकर चार मकानों का निर्माण करा रहे थे। सभी मकानों के करीब आधा निर्माण हो चुके थे। टीम ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर इन मकानों को तोड़ने की कार्रवाई की।



### नोटिस के बाद भी कब्जा किए हुए थे जमीन पर

*रायपुर तहसीलदार पवन कोसमा ने बताया कि तहसील कार्यालय में ग्राम टेमरी स्थित एक एकड़ शासकीय जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से मकानों का निर्माण कराए जाने की शिकायत मिली थी। इस शिकायत के आधार पर संबंधित भूमि को लेकर जब पटवारी के माध्यम से जांच कराई गई, तो पता चला कि जिस जमीन पर मकानों के निर्माण कार्य चल रहे हैं, वह जमीन शासकीय है। जांच में यह भी पता चला कि शासकीय जमीन पर गांव के रहने वाले सीताराम ध्रुव और अविनाश धृतलहरे नामक व्यक्ति द्वारा मकानों के निर्माण कराए जा रहे हैं। तहसीलदार ने इस मामले में दोनों कब्जाधारियों को मकान तोड़कर जमीन को खाली कराने के लिए नोटिस जारी किया था। इस नोटिस के बाद भी दोनों ने मकानों को तोड़कर जमीन को खाली नहीं किया। इसे देखते हुए तहसील न्यायालय से बेजा कब्जा को तोड़ने का आदेश जारी किया। इस आदेश के तहत संयुक्त टीम ने अवैध मकानों को तोड़कर शासकीय जमीन को खाली कराया।*

### जारी रहेगा अभियान

रायपुर सहित जिले में कहीं भी शासकीय जमीनों पर अतिक्रमण किया गया है, उसे हटाने की कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण पर रोक लगाने एवं हटाने के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं।

\- **डा. गौरव सिंह,** कलेक्टर रायपुर

### शंकरनगर में अवैध निर्माण हटाया गए, जुर्माना वसूली के आदेश

कब्जाधारियों ने शंकरनगर इलाके में जोन कार्यालय के गार्डन के नाले पर ही अवैध रूप से वाश रूम और लेबर रूम बना लिए थे। सूत्रों के अनुसार यह काम क्षेत्र के किसी व्यक्ति ने किसी कथित नेता के संरक्षण में बनाया था। इसकी शिकायत मिलने पर जोन की टीम ने तोड़कर हटाने की कार्रवाई की। इस मामले में निगम अधिकारियों ने अवैध निर्माण कराने वाले पर जुर्माना लगाने के भी निर्देश दिए हैं।

### बैजनाथपारा-जीई मार्ग पर भी चला बुलडोजर

शहर के बैजनाथपारा में भी निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए कब्जों से मुख्य मार्गों को मुक्त कराया। टीम ने शास्त्री बाजार मुख्य मार्ग, बैजनाथपारा अखाड़ा गली में अतिक्रमण एंगल व ठेले हटाकर जब्ती बनाया। इसी प्रकार साइंस कालेज के सामने जीई मार्ग पर अभियान चलाकर कई ठेले-गुमटियों को जब्ती बनाने की कार्रवाई की। शंकर नगर टीवी टावर से शंकरनगर चौक मुख्य मार्ग पर भी ठेला -गुमटियों को हटाकर कर जब्ती बनाया गया।

### ग्राम कुरा में हटाए गए अतिक्रमण

राजस्व और नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने धरसींवा तहसील अंतर्गत कुरा नगर पंचायत में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके साथ ही आंगनवाड़ी केंद्र के सामने भी अतिक्रमण किया गया था, जिसे हटाया गया।

# सरगुजा संभाग में शीतलहर रायपुर में पारा 12 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बदली-बारिश छंटते ही तापमान में कमी आ गई है। इसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर दिख रहा है। मौसम में बार-बार हो रहे परिवर्तन लोगों को बीमार कर रहे हैं। रात में कड़ाके की ठंड का सामना कर रहे लोगों को कुछ दिनों के अंतराल में राहत मिल सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से एक बार फिर से मौसम में बदलाव होगा। इसके पूर्व गुरुवार को प्रदेश के कुछ स्थानों में शीतलहर की स्थिति रही। सरगुजा संभाग में शीतलहर चल रही है। बलरामपुर में पारा 3.7 डिग्री तक पहुंच गया है।

- पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आने वाले तीन दिनों में चढ़ेगा 4 डिग्री तापमान

मौसम विभाग के अनुसार, एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिमी ईरान के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र गुजरात और उससे लगे राजस्थान के ऊपर बनने की संभावना है। इसके प्रभाव से हवा की दिशा में और अधिक परिवर्तन होने की संभावना है, जिसके कारण न्यूनतम तापमान में 10 जनवरी को मामूली वृद्धि संभावित है। अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में करीब चार डिग्री वृद्धि होने की संभावना है।

### कुछ जिलों में छाए रहेंगे बादल

*तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में वृद्धि के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है। लेकिन कुछ स्थानों पर बादल छाए रह सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 11 और 12 जनवरी को कोरिया जिले और उसके आसपास के जिलों में आंशिक रूप से बादल रह सकते हैं। गुरुवार को प्रदेश में कहीं भी बारिश संबंधित गतिविधियां दर्ज नहीं की गई है। प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 28.6 डिग्री बीजापुर में दर्ज किया गया। सबसे कम तापमान बलरामपुर में 3.7 डिग्री रहा। राजधानी रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 0.5 डिग्री अधिक 28 डिग्री दर्ज हुआ। न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.1 डिग्री कम 12.3 डिग्री पर पहुंच गया है। इसके प्रभाव से देर रात और सुबह कड़ाके की ठंड का सामना लोग कर रहे हैं।*

# बगैर मान्यता कराया कोर्स, पैरामेडिकल काउंसिल का रजिस्ट्रेशन से इनकार, भड़के छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बड़ी संख्या में छात्रों ने गुरुवार को रावतपुरा विवि का घेराव किया। इन छात्रों का आरोप है कि विवि द्वारा बगैर मान्यता फर्जी कोर्स का संचालन किया जा रहा है। एनएसयूआई के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ, जिसमें विवि में अध्ययनरत छात्र भी हिस्सा बने। छात्रों का आरोप है कि विवि द्वारा छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल से रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया है। इसके अभाव में पढ़ाई पूरी करके मेहनत से डिग्री हासिल करने वाले विद्यार्थियों की उपाधियां भी अमान्य हो जा रही है। प्रवेश के वक्त छात्रों को इस बात की जानकारी विवि प्रबंधन द्वारा नहीं दी गई थी कि उन्होंने छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल से रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है। पढ़ाई पूरी करने के बाद भी वे बेरोजगार घूम रहे हैं। उनके पैसे और समय दोनों ही विवि की लापरवाही के चलते बर्बाद हुए हैं।

- पंजीयन नहीं होने के कारण शासकीय सेवाओं के लिए हुए अपात्र



### नहीं मिल रही नौकरी

छात्रों ने इस दौरान कहा, श्री रावतपुरा सरकार विश्विद्यालय में बीएमएलटी, डीएमएलटी, डायलिसिस तथा ऑप्टोमेट्री कोर्स में सैकड़ों छात्र-छात्राओं को एडमिशन प्रदान किया गया है। इनमें से 60 छात्र-छात्राएं अपना कोर्स पूरा कर चुके हैं तथा कुछ अध्ययनरत हैं। छात्रों का कहना है कि जब वह राज्य के पैरामेडिकल काउंसिल में अपने रजिस्ट्रेशन के लिए जाते हैं तो उन्हें उक्त विवि को इस कोर्स की मान्यता ही नहीं होने की बात कहकर रजिस्ट्रेशन देने से मना कर दिया जाता है। इसके चलते सैकड़ों छात्र सरकार द्वारा निकाली जा रही विभिन्न भर्तियों में आवेदन से चूक जाते हैं। एनएसयूआई ग्रामीण प्रभारी प्रशांत गोस्वामी सहित शिवांक सिंह, प्रशांत चंद्राकर, भूपेंद्र साहू, दिव्यांश श्रीवास्तव, विवेक जोशी, हर्षित शिवेंद्र सहित विवि के छात्र भी इस प्रदर्शन में शामिल रहे।

# कांग्रेसी नेता आयशा ने आशीष के साथ मिलकर रिश्तेदार की करोड़ों की जमीन हड़पने रची साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

फर्जी वसीयतनामा तैयार कर 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति हड़पने के मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद कांग्रेसी नेता आयशा सिद्दीकी तथा पूर्व में तेलीबांधा में ठगी का नामजद आरोपी पूर्व युवा कांग्रेसी नेता आशीष सिंदे उर्फ चोरहा फरार हैं। आयशा सिद्दीकी तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ धमतरी निवासी बुशरा शरीफ ने पंडरी थाना में फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़पने की शिकायत दर्ज कराई है।

बुशरा शरीफ ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि आयशा रिश्ते में उनकी भतीजी लगती है। पति की मौत के बाद आयशा, आशीष, नूर बेगम, दादुन शाह उर्फ नरेंद्र कोटाले ने उनके पति के नाम की जमीन हड़पने उसे अपने झांसे में लेने के लिए कई बार संपर्क किया। झांसे में लेने से असफल होने पर आशीष तथा आयशा पर बुशरा ने धमकाने का आरोप लगाया है। बुशरा ने आरोप लगाया है कि आयशा तथा आशीष ने अपने राजनीतिक रसूख के कारण जमीन हथियाने उनका उनके पति के साथ का फर्जी तलाकनामा, हिबानामा तैयार कराकर जमीन अपने नाम स्थानांतरण कराया।





### पीड़िता के खिलाफ झूठी रिपोर्ट

बुशरा के मुताबिक जमीन हड़पने आयशा तथा आशीष ने पूर्व में उनके खिलाफ जमीन फर्जीवाड़ा करने थाने में झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद बुशरा ने सरकारी कार्यालय से दस्तावेज हासिल कर पुलिस के सामने पेश किया। दस्तावेजों की पड़ताल करने के बाद पुलिस ने आयशा, आशीष तथा दो अन्य के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471 और 120बी के तहत अपराध दर्ज किया है।

### पूछताछ में पता चलेगा और कौन लोग शामिल

फर्जी वसीयत तथा हिबानामा तैयार करने तथा अन्य फर्जी दस्तावेज तैयार करने किन लोगों की मदद ली गई, पुलिस इस संबंध में आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद जानकारी मिलने की बात कह रही है। पुलिस को आशंका है कि करोड़ों की जमीन घोटाला मामले में आयशा, आशीष ने और कई लोगों की मदद ली होगी। पुलिस के अनुसार फर्जीवाड़ा में जिन लोगों के नाम सामने आएंगे, उन सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### आशीष के खिलाफ तेलीबांधा में शिकायत

स्मार्ट सिटी का काम दिलाने का झांसा देकर दिल्ली के कारोबारी से 15 करोड़ की ठगी करने के मामले में तेलीबांधा थाने में बिलासपुर निवासी केके श्रीवास्तव के साथ आशीष के खिलाफ अपराध दर्ज है। आशीष तथा केके के खिलाफ पुलिस ने पिछले वर्ष अगस्त में अपराध दर्ज किया है। बताया जा रहा है, आशीष पूर्व में सरकारी नौकरी करता था। वर्तमान में उसके पास करोड़ रुपए की बेनामी संपत्ति होने की बात कही जा रही है।

### टीम भेज आरोपियों की गिरफ्तारी

एएसपी सिटी लखन पटले ने बताया कि बुशरा शरीफ द्वारा उनके पति के नाम की जमीन फर्जीवाड़ा कर अपने नाम कराए जाने के आरोपी आयशा, आशीष, दादुन शाह, नूर बेगम फरार हो गए हैं। फरार आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए पुलिस अफसर ने पंडरी थाना के टीआई को निर्देशित किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अफसर ने टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं।

## आउटर की कॉलोनियों में 15 जगह बाजार डेवलप करने में विलंब होने से बढ़ गया इंतजार

# बीएसयूपी कॉलोनी कैंपस में दुकानों का अधूरा निर्माण, 10 महीने से अटकी लोगों की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आउटर इलाके में बनवाई गई कॉलोनियों में विस्थापितों को बसाने के बाद वहां बाजार की सुविधा अटकी हुई है। 12 हजार से ज्यादा परिवारों को अभी भी सुविधा के लिए इंतजार करना होगा। मार्च 2024 में शुरू की गई दुकान निर्माण की प्रक्रिया अभी अधूरी है। इसे अक्टूबर तक पूरा करने का दावा फेल हो गया है। अभी तक सभी जोन आयुक्तों ने बाजार का काम पूरा होने की रिपोर्ट भी नहीं दी है।

स्मार्ट सिटी में तय योजनाओं को पूरा करने और सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए कई झुग्गी बस्तियों को हटाने के बाद निगम ने उन्हें बीएसयूपी कॉलोनियों में शिफ्ट किया। 15 साल पहले जितनी कॉलोनियों में लोगों को फ्लैट दिया गया, वहां रहने वाले 12 हजार से ज्यादा परिवारों को जरूरी सामान लेने के साथ इलेक्ट्रिशियन, नाई, धोबी, सब्जी, मेडिकल और जनरल सामान के लिए दो से तीन किलो मीटर दूर आना-जाना पड़ता है। इससे समय और वाहनों के ईंधन की बर्बादी हो रही है। राहत देने की मुहिम अभी तक अधूरी है। दुकानों का निर्माण करने के लिए एजेंसी तय करने के बाद उसे 4 महीने में काम पूरा करने के लिए समय देने के बाद जिम्मेदारों ने सुध नही ले रहे हैं।

### खास बातें

- मार्च 2024 में शुरू की गई दुकान निर्माण की प्रक्रिया अभी अधूरी
- 12 हजार से ज्यादा परिवारों को जरूरी सामान लेने के साथ इलेक्ट्रिशियन, नाई, धोबी, सब्जी, मेडिकल और जनरल सामान के लिए दो से तीन किलो मीटर दूर आना–जाना पड़ता है
- दुकानों का निर्माण करने के लिए एजेंसी तय करने के बाद उसे 4 महीने में काम पूरा करने के लिए समय देने के बाद जिम्मेदारों ने सुध नही ले रहे



### जमीन तय करने में हुई देर

*निगम सूत्रों ने बताया कि मार्च 2024 में प्रोजेक्ट को शुरू करने के बाद भी जमीन तय करने में विलंब की स्थिति बनी। कई कॉलोनियों में जगह सीमित होने से वहां दुकानों का निर्माण करने जमीन तय करने में समय लगा। इसके चलते वहां निर्माण एजेंसी तय करने और काम शुरू करवाने में विलंब की स्थिति बनी। इसके चलते दुकानों का निर्माण अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। आंगनबाड़ी और उप स्वास्थ्य केन्द्र के लिए तय जमीन को बचाते हुए लोगों की सुविधा के लिए दुकानों का निर्माण अब मार्च तक पूरा होगा।*

### काम पूरा करने दिया है निर्देश

दुकानों का निर्माण कई जोन आयुक्तों ने पूरा करने की जानकारी दी है। बचे हुए जोन क्षेत्र में काम शुरू करने में विलंब होने से यह स्थिति बनी। जल्द काम पूरा करने का निर्देश निर्माण एजेंसी को दिया गया है।

\- **विनोद कुमार पांडेय,** अपर आयुक्त, नगर निगम, रायपुर

### निर्माण में होगा और विलंब तय

*अभी तक विभिन्न जोन क्षेत्र में बनवाई गई 24 बीएसयूपी कॉलोनियों में 12 हजार से ज्यादा परिवारों को शिफ्ट किया गया है। इनके आस -पास जरूरी सामान खरीदने के लिए हर बीएसयूपी में 5-5 दुकानों का निर्माण शुरू करने के बाद एजेंसियों ने उसको पूरा नहीं किया हैं। निगम सूत्रों ने बताया कि सिर्फ जोन -8 में प्रस्तावित दुकानों का काम ही पूरा हुआ है, लेकिन दुकानों का आवंटन स्थानिय युवाओं को अभी नहीं किया गया है। निर्माण पूरा करने में अभी दो महीने से ज्यादा लगने वाला है, यानी मार्च में सुविधा मिलेगी।*

### इसलिए निगम ने बनाया प्लान

*प्रति बीएसयूपी कॉलोनी में 5 दुकानों का निर्माण करवाने पर 6-6 लाख रुपए का खर्च किया जा रहा है। इसका आंकलन करने के बाद ही बजट मांगा गया था। इनमें से पहले फेज में 15 जगह निर्माण करवाने 90 लाख रुपए जोन आयुक्तों को जारी किया है। इनमें जोन 01, 02 व चार शामिल नहीं हैं। जोन 03, 05, 06, 07, 08, 09 और 10 में पहले फेज में 15 जगह मार्केट अभी तक पूरी तरह से आकार नहीं लिया है। इन दुकानों को कॉलोनी के शिक्षित युवाओं को व्यावसाय शुरू करने अलॉटमेंट किया जाना है।*

**खबर संक्षेप**

## सीएमओ ने समस्याओं का किया समाधान, मिली राहत



**दल्लीराजहरा।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद नाथ योगी ने गत दिनों वार्ड क्रमांक 15 का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्डवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और जनप्रतिनिधियों की बातों का सम्मान किया। वार्ड में पेयजल के लिए पाइपलाइन की मरम्मत कराई गई। नाली की सफाई का कार्य कर समस्या का तुरंत समाधान किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने उप अभियंता और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहर के विकास और जन सुविधाओं के कार्यों में लापरवाही और गुणवत्ताहीन कार्य किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। अचानक से मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अपने बीच पाकर लोगों के चेहरे में खुशियां देखने को मिली। इस निरीक्षण के दौरान उप अभियंता भानु प्रकाश घोष, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक सतीश चंद्राकर, नल-जल और सफाई विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा वार्डवासी उपस्थित रहे।

## नाले में नवजात का शव

**भिलाई।** नवजात की लाश नाले में मिलने से सनसनी फैल गई। घटना शिवाजी नगर खुर्सीपार की है। मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार दोपहर लगभग 1 से 2 बजे के बीच खुर्सीपार पुलिस को सूचना मिली कि शिवाजी नगर के पास स्थित नाले में नवजात की लाश पड़ी हुई है। सफाई कर्मी नाले की सफाई कर रहा था। इस दौरान नवजात की लाश सामने आई। पुलिस मौके पर पहुंची तो नवजात का नाले में पड़ा हुआ मिला है। संदेह जताया जा रहा है कि नवजात अवैध संबंध का नतीजा हो सकता है। जिसे फेंक कर मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

## युवक ने ट्रेन से कटकर दी जान

**भिलाई।** युवक ट्रेन से कटकर अपनी जान दी है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि सिरसा गेट अण्डरब्रिज के पास डाउन लाइन पर 8 जनवरी की शाम पटेल पारा सोमनी भिलाई तीन निवासी नीलेश पटेल नामक युवक ट्रेन से कटने पर मौत हो गई। युवक गांव से पैदल ही सिरसा गेट अण्डरब्रिज की ओर आया था। पुराने रेलवे क्रॉसिंग के पास कुछ देर खड़े होने के बाद भिलाई से रायपुर की ओर जा रही ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। शव को पीएम के लिए भेजा गया। जहां से पीएम होने के बाद शव को परिजनों को सौंपा गया। जान देने का कारण अभी अज्ञात है।

## तेज रफ्तार कार पलटी, एक घायल

**भिलाई।** प्लांट से काम कर घर लौट रहे कर्मी को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दिया। हादसे में घायल कर्मी को उपचार के लिए सेक्टर 9 अस्पताल पहुंचाया गया। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि रात में सूचना मिलने पर रेल चौक के पास टीम पहुंची। जहां कार ने बाइक सवार को जोरदार ठोकर मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद कार सड़क पर पलट गई है। कार पलटने के बाद लोगों ने कार चालक को अंदर से बाहर निकाला। उसने पुलिस को बताया कि वो जाट भवन में मांगलिक कार्यक्रम में शामिल करके वापस घर लौट रहा था। रेल चौक के पास पहुंचा था कि अचानक उसके सामने बाइक सवार आ गया। बाइक सवार को सामने देख अचानक तेज ब्रेक लगाई तो कार का अनियंत्रित होकर पलट गया।

**पेज 11 का शेष**

## अधिकारी-कर्मचारियों...

बजे के उपरांत ही कार्यालय से प्रस्थान करने के निर्देश दिए। उन्होंने समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं होने वाले तथा शाम 5.30 बजे के पहले कार्यालय से प्रस्थान करने वाले अधिकारी–कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की भी चेतावनी दी।

**आयोजन : सरस्वती शिशु मंदिर उमा विद्यालय में शिशु संगम एवं मातृ सम्मेलन**

# सशिमं में शिक्षा के साथ संस्कारपक्ष, शारीरिक और मानसिक गतिविधियों से बच्चों का सर्वांगीण विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिशु संगम और मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन में खेल सहित विभिन्न गतिविधियां कराई गईं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों की प्रस्तुति ने सबको का मन मोह लिया। बच्चों की रचनात्मकता, शृंगारी कौशल और भारतीय संस्कृति के प्रति उनकी श्रद्धा को सबने सराहा।

■ प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिखी प्रतिभा

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में में सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर दुर्ग विभाग के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती लोकेश्वरी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत डौण्डीलोहारा, कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती तुलसी साहू जिला संयोजिका गायत्री ट्रस्ट बालोद ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्रीमती छायादेवी टेकाम राजपरिवार डौण्डीलोहारा, श्रीमती निम्मीदेवी राजपूत पूर्व अभिभावक और श्रीमती हर्षा देवांगन खंड कार्यवाहिका राष्ट्रीय सेविका समिति की उपस्थिति में भारत माता, ओम एवं मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वल्लित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मंचस्थ अतिथियों का श्रीमती प्रतिभा सुकतेल वरिष्ठ आचार्य ने परिचय के साथ स्वागत वंदन किया। कक्षा उदय की छात्रा जीविका देवांगन एवं साथी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्रीमती लोकेश्वरी साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में केवल शिक्षा ही नहीं संस्कारपक्ष, शारीरिक शिक्षा गतिविधि आधारित शिक्षा प्रदान करती है। शिक्षा, संस्कार, शारीरिक व मानसिक गतिविधियों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। बच्चे समाज में एक अच्छे नागरिक के रूप में आगे आते हैं। आज इसका परिणाम समाज एवं देश में दिखाई दे रहा है। शिशु मंदिर के बच्चे आज डाक्टर, इंजीनियर एवं प्रशासनिक पद पर कार्यरत हैं। शिशु मंदिर के भूतपूर्व छात्र अपने कर्मक्षेत्र सरस्वती शिशु मंदिर को एवं आचार्य परिवार को गोद लेकर सहयोग करने के लिए तत्पर हैं। । कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, खेलकूद प्रतियोगिताएं, इन्द्रिय विकास गतिविधियां और मातृशक्ति के लिए विशेष आयोजन किए गए। इन सभी गतिविधियों ने बच्चों और माताओं को न केवल मनोरंजन प्रदान किया बल्कि उनके मानसिक और शारीरिक विकास को भी बढ़ावा दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए स्वागत गीत, बाल गीत और नाट्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। इन प्रस्तुतियों में बच्चों की रचनात्मकता, शृंगारी कौशल और भारतीय संस्कृति के प्रति उनकी श्रद्धा स्पष्ट रूप से दिखी। इसकी सबने सराहना की।






### बारह आयाम बने आकर्षण का केंद्र

आयोजन में बारह आयाम ने विशेष आकर्षण का केंद्र बनकर दर्शकों का ध्यान खींचा। इन आयामों के अंतर्गत चित्र पुस्तकालय तोरण ठाकुर ने कला और रचनात्मकता को उजागर किया। विज्ञान प्रयोगशाला में कु. चंचल पटेल व लारेंश जोशी ने वैज्ञानिक प्रयोगों का प्रदर्शन किया। वस्तु संग्रहालय में अशोक सिन्हा ने ऐतिहासिक वस्तुओं की झलक दिखाई। चिड़ियाघर में सुरेश ठाकुर और बगीचा में प्रेमनारायण नायक ने प्रकृति और पर्यावरण का महत्व समझाया। घर में संजय देहारी ने जीवन मूल्यों पर आधारित प्रस्तुति दी। जबकि कार्यशाला में श्रीमती प्रतिभा सुकतेल ने उपयोगी कौशल सिखाए। कलाशाला में प्रफुल्ल देशमुख ने बच्चों की कलात्मक क्षमताओं को उजागर किया। रंगमंच में श्रीमती सरिता यादव की नाट्य प्रस्तुतियां सबका मन मोहने में सफल रहीं। क्रीड़ागन में मंजू श्रीवास ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में बच्चों का उत्साह बढ़ाया। तरंगताल में सुश्री संगीता सोनी ने जल गतिविधियों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में सेवंत देवांगन ने रचनात्मक वस्तुओं को प्रस्तुत किया। इन सभी गतिविधियों ने बच्चों और दर्शकों को शिक्षा, मनोरंजन और प्रेरणा प्रदान की।



**खेलकूद स्पर्धाओं में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया**

खेलकूद प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। टायर दौड़, केकड़ा दौड़, निशाना लगाना और अन्य गतिविधियों में बच्चों की उत्साही भागीदारी ने इस कार्यक्रम को और भी रंगीन बना दिया। बच्चों की ऊर्जा और जोश ने कार्यक्रम को उत्सव का रूप दिया। साथ ही मातृशक्ति के लिए आयोजित शिशु दौड़ और भजन प्रतियोगिताओं ने इस आयोजन में और भी खुशी और उल्लास का संचार किया। इन प्रतियोगिताओं ने केवल बच्चों और माताओं को एकजुट किया, बल्कि उनकी सामूहिक भागीदारी ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

### एकता व आपसी सहयोग की भावना को बढ़ावा : सियाराम

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सियाराम सार्वा पूर्व प्रादेशिक सचिव सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति बिलासपुर छत्तीसगढ़ ने अपने उद्बोधन में भारतीय संस्कृति और मातृशक्ति के योगदान पर गहरे विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन बच्चों में संस्कारों के विकास के साथ-साथ समाज में एकता और आपसी सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है। बल्कि यह मातृशक्ति के सम्मान में भी योगदान देते हैं। उनके शब्दों ने सभी को भारतीय संस्कृति और मातृत्व के महत्व को समझने का एक नया दृष्टिकोण प्रदान किया।

### सफल आयोजन में इनका रहा योगदान

कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के अध्यक्ष राजेंद्रनाथ मिश्र, उपाध्यक्ष बेनीराम देवांगन, सचिव येणुकुमार दिल्लीवार, सहसचिव महेन्द्र जायसवाल , कोषाध्यक्ष डोमेन्द्र देशमुख, सदस्य गोरेलाल राजपूत, सियाराम सार्वा, पवन साहू, अशोक लोढ़ा, भोलाराम साहू, आत्माराम खरे, पुरानिक सोनवानी, पीलूराम साहू, मुकेश राजपूत, डेरहाराम केकती, नन्दूराम देशमुख, श्रीमती हर्षा देवांगन, तोषण कुमार चुरेन्द्र , संस्था प्रमुख डोमार सिंह साहू, समस्त स्टाफ, शिशु वाटिका प्रभारी एवं नगर के गणमान्य नागरिकों, मातृ शक्तियों का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय के सभी आचार्य - दीदीयों और कर्मचारियों ने अपनी पूरी मेहनत और समर्पण से इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

# रासेयो का शिविर अरमुरकसा में कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद का राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर 11 से 17 जनवरी तक ग्राम अरमुरकसा तहसीत डौण्डी में मेरा युवा भारत के लिए युवा थीम पर आयोजित होगा।

■ मेरा युवा भारत थीम पर आयोजित होगा कार्यक्रम


शिविर का उद्घाटन 11 जनवरी को शाम 4 बजे मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत अरमुरकसा सरोज बाई बलेन्द्र की उपस्थिति में होगा। अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डा. जेके. खलखो करेंगे। विशेष अतिथि उप सरपंच ग्राम अरमुरकसा दयालु राम भंडारी एवं समस्त पंचायत बॉडी उपस्थित रहेंगे। समापन समारोह में 16 जनवरी को शाम 6.30 बजे मुख्य अतिथि महा. प्राचार्य डा. जेके खलखो एवं सरपंच उपस्थित रहेंगी। सात दिवस कार्यक्रम के तहत 12 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे बौद्धिक परिचर्चा में स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। 13 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे से शैक्षणिक भ्रमण देवपाडुम जलप्रपात पर्यटक स्थल का भ्रमण कर जानकारी प्राप्त करेंगे। 14 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे से समय एवं तनाव प्रबंधन पर व्याख्यान डॉ. लोकेश रंजन मार्गदर्शन करेंगे। 15 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे बौद्धिक परिचर्चा में साक्षात्कार एक प्रेरक व्यक्तित्व से डॉ. आरडी. साहू एवं प्रो. एलके टंडन शासकीय महाविद्यालय बालोद से मार्गदर्शन करेंगे। 16 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे से राष्ट्र जागरण एवं दीप महायज्ञ गायत्री परिवार बालोद द्वारा आयोजित होगा। साथ ही प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक करने का प्रयास स्वयंसेवकों द्वारा किया जाएगा।

कार्यक्रम में संरक्षक प्राचार्य शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद व जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना बालोद डॉ. लीना साहू, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जीएन खरे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न होगा।

## रकम डबल करने के झांसे में आया कारोबारी 82 लाख की ठगी

**भिलाई।** मेडिकल कारोबारी रकम डबल के झांसे में आकर लाखों रुपए का ठगी का शिकार हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ धारा 318 (4), 618 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

भिलाई नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि आमदी नगर हुडको निवासी मेडिकल कारोबारी सुनील नामक व्यक्ति ने अपने फेसबुक में रकम डबल करने का विज्ञापन देखा। जिसे देख उसमें बताए गए फार्म को भरने के बाद पीड़ित के मोबाइल पर ठगो का कॉल आया और माह अक्टूबर से 30 दिसंबर तक खाते से 82 लाख रुपए ठग लिए थे। जब पीड़ित को ठगी की जानकारी हुई। तब तक खाते से रुपए पार हो गए थे।



# नवोदय प्रवेश के लिए ब्लॉक स्तर पर हुआ मॉक टेस्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विकासखंड गुंडरदेही अंतर्गत नवोदय प्रवेश परीक्षा हेतु विकासखंड स्तरीय मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया।

■ नवोदय परीक्षा के लिए पंजीकृत सभी बच्चों ने भाग लिया

इस मॉक टेस्ट में ब्लॉक में नवोदय परीक्षा के लिए पंजीकृत सभी बच्चों ने भाग लिया। प्रश्न पत्र विकासखंड स्तर पर विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया। मॉक टेस्ट के लिए दो घंटे की समय अवधि निर्धारित कर ओएमआर शीट में बच्चों को अभ्यास कराया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी गुंडरदेही नवीन यादव ने इस नवाचार द्वारा विकासखंड में नवोदय प्रवेश परीक्षा में विकासखंड के बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रयास किया जा रहा है। मॉक टेस्ट के बाद मॉडल आंसर भी जारी कर दिया गया है एवं दो दिवस के भीतर उत्तर पुस्तिका जांच कर बच्चों द्वारा की जा रही त्रुटियों में सुधार का प्रयास किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रवेश परीक्षा की तैयारी करवाने हेतु पूर्व मे शिक्षकों को कार्यशाला का आयोजन कर प्रशिक्षित किया गया था।

# महतारी वंदन योजना में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र सत्यापन करें अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं के आवेदन के पश्चात सत्यापन हेतु लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

■ कलेक्टर ने कहा – कोई भी पात्र महिलाएं महतारी वंदन योजना का लाभ लेने से वंचित न हो

चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। चन्द्रवाल ने अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेजों का सूक्ष्मता से मिलान कर इसका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा है। इससे जिले के कोई भी पात्र महिला इस योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे। बैठक में चन्द्रवाल ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत राज्य व केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में चन्द्रवाल ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों के वाटर फिल्टर के स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान चन्द्रवाल ने 'मोर लइका, स्वस्थ लइका' अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों के गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों के स्थिति में सुधार के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने इन बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले में इस कार्य के प्रगति के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में चन्द्रवाल ने पोषण ट्रेकर एप्प की एंट्री के कार्यों की समीक्षा करते हुए विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों को प्रतिदिन इसकी समुचित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने छत्तीसगढ़ महिला कोष ऋण योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए इसे महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु कारगर एवं महत्वपूर्ण योजना बताया। उन्होंने अधिकारियों को जरूरतमंद महिलाओं के प्राथमिकता के साथ इस योजना का लाभ दिलाने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने इस योजना का समुचित प्रचार–प्रसार करने के भी निर्देश दिए।

### नोनी, सुकन्या व मातृ वंदना योजना समीक्षा हुई

बैठक में चन्द्रवाल ने वित्तीय वर्ष 2024–25 में नोनी सुरक्षा योजना एवं सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने सभी पात्र हितग्राहियों को इन योजनाओं का समुचित लाभ दिलाने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन, प्रगतिरत एवं अपूर्ण आंगनबाड़ी भवन निर्माण के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। चन्द्रवाल ने सभी परियोजना अधिकारियों सहित विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से इसकी मॉनिटरिंग कर अपूर्ण आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में उन्होंने आंगनबाड़ी भवनों में विद्युतीकरण, ओवरहेड टैंक के स्थापना की भी समीक्षा की। चन्द्रवाल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए इसे शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए।

# भाजपाइयों ने केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान से की मुलाकात



**डौंडीलोहारा।** स्थानीय भाजपा नेताओं ने केंद्रीय कृषि मंत्री भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान से उनके छतीसगढ़ प्रवास के दौरान नगपुरा में सौजन्य मुलाकात किया। जिला मंत्री भाजपा जयेश ठाकुर, निवृत्तमान पार्षदगण मनी बघेल , सुभद्रा टांडेकर ,माया जयेश ठाकुर, रहिमत कोसमा, दशोदा भुआर्य तथा सोहद्रा देवांगन सहित अन्य भाजपा नेताओं ने सौजन्य मुलाकात की,भाजपा नेताओं ने केंद्रीय कृषि मंत्री भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात के दौरान अपना पत्र भी सौंपा।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2 का शुभारंभ

**डौंडीलोहारा।** शासन की महत्वकांक्षी योजना में से एक प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2-0 का शुभारंभ किया गया है। जिसमें बीएलसी घटक अंतर्गत मोर जमीन मोर मकान के तहत शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार प्राप्त आवेदनों की आनलाइन एंट्री पीएम आवास योजना के वेब यूनीफाइड पोर्टल में की जा रही है। आनलाइन एंट्री में आवेदक के आधार से लिंक मोबाइल नंबर में ओटीपी आता है। आनलाइन की प्रक्रिया नगर पंचायत कार्यालय के आवास योजना शाखा से किया जा रहा है। नगर पंचायत डौण्डीलोहारा के सीएमओ अशोक चौबे द्वारा आवेदक के मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी को ऑनलाइन एन्ट्री करने वाले कर्मचारी को ही देने की अपील की गई है। सीएमओ ने कहा जिसे आप जानते है उसी को ही ओटीपी बताएं। अन्य किसी बाहरी व्यक्ति को ओटीपी साझा न करें, जिससे की गोपनीय जानकारी का दुरूपयोग होने से बचा जा सके। अन्य किसी प्रकार के फ्रॉड का शिकार होने से बचा जा सके।

### पार्षद विद्या ने अपनी निधि से किया डस्टबीन का वितरण



**डौंडीलोहारा।** विगत दिनों नगर की वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती विद्या शर्मा ने वार्डवासियों की मांग पर वार्ड में घर-घर घूमकर गीला एवं सूखा कचरा संग्रहण के लिए डस्टबीन का वितरण किया गया। विदित हो कि श्रीमती विद्या शर्मा ने वाटर फ्रीजर मशीन आत्मानंद स्कूल एवं शासकीय कन्या, पूर्व माध्यमिक शाला स्कूल लोहारा में वाटर फ्रीजर देने की घोषणा की है। इसके पूर्व शासकीय हाई स्कूल में भी फ्रीजर मशीन देकर छात्र-छात्राओं को शुद्ध पेयजल का लाभ प्रदान किया है।

### संविदा पदों पर भर्ती के लिए जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक 14 को

**बालोद।** मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक 14 जनवरी को आयोजित की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि जिला बाल संरक्षण इकाई व किशोर न्याय बोर्ड एवं चाईल्ड हेल्प लाइन 1098 के रिक्त संविदा पदों की पूर्ति हेतु जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक अपर कलेक्टर डीआर ठाकुर की अध्यक्षता में 14 जनवरी को जिला कार्यक्रम अधिकारी कक्ष में शाम 04 बजे आयोजित की जाएगी।

### मनौद में मड़ई मेला कल

**बालोद।** ग्राम मनौद में 12 जनवरी को मड़ई मेले का कार्यक्रम रखा गया है, इसमें रात्रि कालीन में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए नाचा कार्यक्रम रखा गया। मड़ई की विस्तृत जानकारी लक्कू साहू ने दी।

### बाघमरा में मानव एकता महासम्मेलन 13 से

**गुण्डरदेही।** मकर संक्रांति पर मानव कल्याण संस्थान बाघमरा में 13 एवं 14 जनवरी को मानव एकता महासम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया है। इसमें बुरहानपुर मध्यप्रदेश के संत मंडली के साथ संत अमोही साहेब कबीर मंदिर नागझरी का दिव्य सत्संग प्रवचन होगा। साथ में पतंजलि योगपीठ द्वारा प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा सुबह योग शिविर तथा स्वास्थ्य सलाह एक्युप्रेशर, प्रकृति एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति तथा रक्तदान, नेत्रदान एवं देहदान करने की इच्छुक व्यक्ति का फॉर्म भरा जाएगा। ज्ञान विज्ञान आधारित आध्यात्मिक शंका समाधान गोष्ठी, परिचर्चा होगी।

---

**आदेश : कलेक्टर ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को जारी किए दिशा निर्देश**

# सप्ताह में दो दिन आमजनों से भेंट मुलाकात करेंगे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के समस्त विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को कार्यालय के सुचारू रूप से संचालन हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए गए है। इसके तहत जिला स्तरीय अधिकारी अपने कार्यालय में सप्ताह दो दिन प्रथम पाली में आम जनता से भेंट मुलाकात करेंगे, उन्हें सोमवार को अनिवार्य रूप से पूरे दिन कार्यालय में रहने कहा गया है।

कलेक्टर द्वारा जारी किए निर्देश में कहा गया है कि कार्यालय में समस्त अधिकारी–कर्मचारियों के प्रतिदिन कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से शाम 05.30 बजे तक निर्धारित है। उन्होंने सभी कार्यालय प्रमुखों को अपने अधीनस्थ अधिकारी–कर्मचारी प्रतिदिन कार्यालयीन समय में उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने अपने अधीनस्थ कार्यालयों का सप्ताह में एक बार अनिवार्य रूप से आकस्मिक निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए हैं।

समस्त विभाग प्रमुख अनुकंपा नियुक्ति प्रकरण के संबंध में तृतीय श्रेणी के पद उपलब्ध नहीं होने पर चतुर्थ श्रेणी पद की उपलब्धता के संबंध में आवेदक को पंजीकृत पोस्ट के माध्यम से अनिवार्य रूप से सूचित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सभी विभाग प्रमुखों को अपने विभाग के बैंक खातों की एक सूची बनाने, निष्क्रिय खाता को तत्काल बंद कर जिला कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह कैश बुक का मिलान 3 माह में कम से कम एक बार करने एवं अपने विभाग में संचालित केन्द्र एवं राज्य शासन के योजनाओं का क्रियान्वयन सुचारू रूप से संपादन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं।




**प्रथम पाली करेंगे भेंट मुलाकात**

कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने कार्यालय में सप्ताह के दो दिन प्रथम पाली में आम जनता से भेंट मुलाकात हेतु समय निर्धारित करने के निर्देश दिए है, जिसमें सोमवार के दिन को अनिवार्य रूप से करने को कहा है। समस्त कार्यालय प्रमुख सोमवार को पूरे दिन कार्यालय में रहना सुनिश्चित करेंगें जिससे आम जन अपनी समस्या व मांग से अवगत करा सके। समस्त कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारी–कर्मचारियों की दो महिनों में कम से कम एक बार बैठक अनिवार्य रूप से लेने के निर्देश दिए हैं। जिसमें कार्यवाही विवरण जिला स्तर पर विभाग प्रमुख द्वारा संधारित की जाए। समस्त विभाग प्रमुख अपने विभागों के लंबित कार्यों की नियमित समीक्षा करने को कहा है। जिसकी समीक्षा समय सीमा की बैठक में की जाएगी। समस्त विभाग प्रमुख सभी कार्यों के ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं का समय पर भुगतान सुनिश्चित करें। इसके अलावा 31 दिसंबर 2024 तक किए गये कार्यों का भुगतान ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं को 20 जनवरी तक की जाए।

---

# भाजपा निराश्रित पेंशनधारियों को कल बांटेगी कंबल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- भाजपा मंडल की बैठक में तैयार की गई रूपरेखा

भारतीय जनता पार्टी मंडल बालोद की बैठक स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय में रखी गई। भाजपा मंडल बालोद द्वारा 2000 लोगों से अधिक निराश्रित पेंशन धारियों को अटल जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में 12 जनवरी को कंबल वितरण किया जाना है, जिसकी रूपरेखा एवं तैयारियों को लेकर बैठक हुई।

बैठक में उपस्थित भाजपा नेता यशवंत जैन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और आने वाले नगरीय निकाय चुनाव के संदर्भ में जानकारी दी। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि अटलजी के जन्म शताब्दी का वर्ष चल रहा है। इस अवसर पर भाजपा मंडल बालोद हमारे बुजुर्गों के लिए कंबल का वितरण कर रहा है। आप सभी अपने वार्डों में इस काम को लेकर तैयारी में लग जाए और आने वाले पालिका और पंचायत चुनाव के लिए कमरकस ले। बैठक में पूर्व सदस्य राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग यशवंत जैन, पूर्व पालिका अध्यक्ष राकेश यादव व लीला शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वय कमलेश सोनी व सुरेश निर्मलकर, मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, भाजपा नेता पालक ठाकुर, भाजपा नेत्री प्रतिभा चौधरी, भाजपा जिला मंत्री अम्बिका यादव, महामंत्री नरेन्द्र सोनवानी व संतोष कौशिक सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

# वरिष्ठ नागरिक महासंघ ने विभूतियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



वरिष्ठ नागरिक महासंघ भिलाई द्वारा दसवां स्थापना दिवस मनाया गया, इसमें छत्तीसगढ़ के विविध क्षेत्रों में अविस्मरणीय काम करने वाले विभूतियों का सम्मान किया गया।

इसमें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्कृत के विद्वान डॉ. महेश चंद्र शर्मा, हिंदी साहित्य सेवा करने वाले डॉ. संतराम देशमुख, संगीत के क्षेत्र में कृष्ण कुमार पाटिल तथा सुभाष साव को माता–पिता की सुदीर्घ सेवा के लिए सम्मान किया गया। इसी क्रम में अंचल के साहित्यकार लोक कला मर्मज्ञ राष्ट्रपति पुरस्कृत सेवानिवृत प्राचार्य सीताराम साहू श्याम को छत्तीसगढ़ी साहित्य के विकास में विशिष्ट योगदान देने के लिए छत्तीसगढ़ी साहित्य सेवा सम्मान प्रदान किया गया, जिसे इस अंचल के सभी साहित्य समितियों ने अंचल का गौरव निरूपित किया। सरस साहित्य समिति गुंडरदेही, राष्ट्रीय कवि संगम बालोद, मधुर साहित्य परिषद बालोद, रचना साहित्य समिति गुरुर के साहित्यकारों ने हर्श व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ में 500 सदस्य हैं, जो इस तरह के आयोजन कर ऊर्जा प्राप्त करते हैं।

प्रेरक प्रसंग के माध्यम से एक दूसरे के विचार सुनते हैं, वृद्धावस्था के अनुरूप खेल कूद, संगीत, साहित्य कला आदि की प्रस्तुति देते हैं, इस तरह जीवन के इन पलों को आनंददायी बनाते हैं। इस विशेष कार्यक्रम में सांसद दुर्ग विजय बघेल, विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर एवं रिचा सेन पत्नी राकेश सेन विधायक वैशाली नगर का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ।

---

### शिक्षक-पालकों का सिवनी में हुआ प्रशिक्षण

**बालोद।** जिला स्तरीय एक दिवसीय सामुदायिक सहभागिता कम्यूनिटी मोबिलाईजेशन अंतर्गत शिक्षक एवं पालकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सिवनी में आयोजित किया गया। असके अंतर्गत शुक्रवार को सिवनी में जिले के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों एवं पालकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न शालाओं से शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं पालकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षण में जिला मिशन समन्यक, समग्र शिक्षा अनुराग त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा ने बताया कि राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय एक दिवसीय सामुदायिक सहभागिता कम्यूनिटी मोबिलाईजेशन से संबंधित गतिविधियों का क्रियान्वयन कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे के मागदर्शन में किया गया।

---

# प्राथमिक और मिडिल स्कूल में हुई पालक मेगा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखंड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला रानीतराई में पालक मेगा बैठक हुई। नववर्ष के उपलक्ष्य में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व माधायमिक शाला के प्रधान पाठक एवं संकुल समन्वयक आरके खिलरिया, अध्यक्षता ग्राम के सरपंच अंगेश्वर ठाकुर, विशेष अतिथि के रूप में ओमान देवांगन, निर्भय साहू, डोमार साहू, यादव लाल देवांगन, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ईवन साहू, सुरेंद्र केराम मौजूद थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पालकों को शाला से जोड़ते हुए बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। इसमें मुख्य अतिथि द्वारा अर्धवार्षिक परीक्षा के परीक्षाफल की जानकारी दी गई। दोनों शालाओं के बच्चे स्तर अनुरूप अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। पालकों को बताया गया कि घर में बच्चों को एक स्थान जहां शांत माहौल हो, प्रतिदिन नियत समय सारिणी अनुसार अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित करना है। ग्राम के सरपंच अंगेश्वर ठाकुर ने सभी पालकों को पालक बालक और शिक्षक मिलकर काम करने के लिए कहा, ताकि स्कूल के साथ जुड़कर बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक हो सके। इस दौरान बच्चों ने नृत्य से सभी पालकों का मन मोह लिया। प्राथमिक प्रधान पाठक निर्मल दुबे ने सभी पालकों ग्रामीणों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर शिक्षक नागेंद्र सिन्हा, भोज सोनकर, अमित प्रजापति, देवानंद तारेंद्र, पुष्पा तुरुकाने, डोमेश्वरी साहू, संजय ठाकुर व ग्रामीण पालकगण उपस्थित थे।

---

# अर्जुंदा में लगा निःशुल्क चिकित्सा शिविर, सफाई मित्रों की हुई जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत नगर पंचायत अर्जुन्दा में मोबाइल मेडिकल युनिट के माध्यम से निकाय के नागरिकों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है।

इसमें 10 जनवरी को एमएमयू का कैम्प लगाया गया, जिसमें निकाय में कार्यरत स्वच्छता दीदियों, सफाई मित्रों एवं स्वच्छता कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मचारियों का सीबीसी, हिमोग्लोबीन, सुगर, बीपी आदि की निःशुल्क जांच एवं दवाइयों का वितरण किया गया। परीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप कुमार यदु, एपीएम प्रणय कुमार ताण्डे, डॉ. आशीष सिंह, एएनएम माया साहू, लैब टेक्नीशियन संतोश निषाद, फार्मेसिस्ट हेमशंकर भारतद्वाज पीआईयू. प्रदीप कुमार सोनी, एमएमयू. के कर्मचारी उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एमएमयू मोबाईल एप तैयार किया गया है, जिसे गुगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी जानकारी एवं सुविधाएं डिजिटल एक्सेस प्राप्त की जा सकती है। निकाय क्षेत्र में मोबाइल मेडिकल युनिट के माध्यम से निकाय क्षेत्र के नगरवासियों को निःशुल्क चिकित्सा का लाभ मिल रहा है।

---

# कलेक्टोरेट तक आने जाने शुरू हुई बस सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- कर्मचारियों के साथ आमजनों को मिलेगी राहत, अब तक ई रिक्शा चल रहा था

कलेक्टोरेट जाने के लिए अब आमजनता को एक निश्चित समय पर बस सुविधा मिलने वाली है, जिससे कलेक्ट्रेट कार्यालय आने जाने में आम जनता को राहत मिलेगी।

जिला मुख्यालय से पैदल चलकर कलेक्ट्रेट पहुंचने वाले लोगों और कलेक्ट्रेट कार्यालय में काम करने वाले अधिकारी कर्मचारी को अब से बस की सुविधा मिलेगी, क्योंकि जिला मुख्यालय के बस स्टैंड से प्रतिदिन एक बस कलेक्ट्रेट पहुंचेगी जो समय समय पर चलेगी।यह बस सुबह लगभग 9.45 बजे बस स्टैंड से निकल कर 10 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच कर झलमला 10.10 बजे पहुंचेगी। वहीं शाम को झलमला से 4.50 बजे को निकलकर 5 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचेंगी और 5.10 बजे बस स्टैंड बालोद पहुंच जाएगी। बांदे से बालोद होते हुए रायपुर तक अब रात में भी एक बस दौड़ने लगी है। बस जो बांदे से भानुप्रतापुर, बालोद, दुर्ग, भिलाई होते हुए रायपुर तक जा रही है। बांदे से रात 9.30 बजे बस निकलेगी और सुबह 4.30 बजे भिलाई तथा सुबह 6 बजे तक रायपुर पहुंचेगी।



बता दे कि इससे पूर्व प्रशासन द्वारा कलेक्ट्रेट पहुंचने के लिए ई रिक्शा सुविधा उपलब्ध कराई गई थी, जिसके माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिवनी चौक से कलेक्ट्रेट मार्ग तक ई रिक्शा चलाया जा रहा था, लेकिन वर्तमान में यह योजना पूरी तरह बंद हो चुकी है, वहीं अब बस की सुविधा एक निश्चित समय के लिए प्रारंभ की गई है। जिससे आम जनता को राहत मिले या न मिले लेकिन कलेक्ट्रेट के अधिकारी कर्मचारियों को इसका लाभ जरूर मिलेगा, क्योंकि कार्यालय खुलने के समय यह बस कलेक्ट्रेट पहुंचेगी व कार्यालय बंद होने के समय वहां पहुंचेगी।

---

# कोटेरो में दो दिवसीय सस्वर मानस गान सम्मेलन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- कार्यक्रम में अंचल की कई नामी मंडली देंगी स्पर्धाएं

लाल बाल पाल नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम कोटेरा के तत्वावधान में 11 व 12 जनवरी को दो दिवसीय सस्वर मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

जिसके मुख्य अतिथि डॉ. बी. एल. रात्रे सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बालोद, अध्यक्षता बी. एल. भंडारी रेलवे विभाग दुर्ग विशेष अतिथि आर. डी. गांबरे शिक्षक, के. आर. भुआर्य सेवानिवृत्त शिक्षक, भेखराम पिस्दा बी.एस.पी. कर्मचारी दल्लीराजहरा, पुरानिक लाल सोरी प्रधानपाठक, भोज राम देहारी, यागबली रात्रे सेवानिवृत्त बी.एस.पी. कर्मचारी भिलाई, सोमकुमार सिन्हा सेवानिवृत्त बी.एस.पी. कर्मचारी भिलाई, देव प्रसाद भुआर्य उपसरपंच, ग्राम पंचायत कोटेरा, गंगेश कुमार सिन्हा, कोटेरा, अनिल कुमार भालेन्द्र बी.एस.पी. कर्मचारी दल्लीराजहरा होंगे। मानस गान सम्मेलन में हरिओम मानस परिवार, गोडरी राजनांदगांव, जय कपीस मानस परिवार, आमाकोनी बागबहरा, ज्योति बालिका मानस परिरवार, थनीद चम्पारण,बरखा मानस परिवार, बागाडोर कांकेर,स्वरधारा मानस परिवार, तुलसीपुर राजनांदगांव, जय मां गायत्री महिला मानस मंडली बेलमांड बालोद की प्रस्तुति होगी। आयोजनकर्ताओं ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर ज्ञानरूपी गंगा में डुबकी लगाने की श्रद्धालुओं से अपील की है।

---

**छोटे व्यवसाय करने वाले हो रहे आर्थिक रुप से संपन्न**

# पीएम स्वनिधि योजना से बदल रहा लोगों का जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शहरी पथ विक्रेता शहरी अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो सस्ती दरों पर वस्तुओं और सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं। कोविड-19 महामारी और लॉकडाउन ने इनकी आजीविका पर गहरा प्रभाव डाला। इन्हीं विक्रेताओं की आर्थिक स्थिति को सुधारने और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने 1 जून 2020 को पीएम स्वनिधि योजना शुरू किया था।



इस योजना का मुख्य उद्देश्य शहरी पथ विक्रेताओं को किफायती कार्यशील पूंजी ऋण उपलब्ध कराना है ताकि वे अपने व्यवसाय को फिर से शुरू कर सकें। योजना के अंतर्गत तीन चरणों में ऋण की व्यवस्था की गई है। प्रथम चरण में 10 हजार, द्वितीय चरण में 20 हजार और तृतीय चरण में 50 हजार तक का ऋण देने का प्रावधान है। अब तक इस योजना के अंतर्गत 414 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। साथ ही राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत 22 हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिए और 18 स्वयं सहायता समूहों को बैंक लिंकेज के तहत ऋण उपलब्ध कराया गया है।

### योजना से शिवकुमार बने आत्मनिर्भर

वार्ड क्रमांक 5, दल्ली राजहरा के निवासी शिवकुमार गुप्ता ने बताया कि वे पहले रेडीमेड कपड़ों का व्यवसाय ठेले पर चलाते थे। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अधिकारियों ने उन्हें पीएम स्वनिधि योजना की जानकारी दी। उन्होंने इस योजना के तहत ऋण प्राप्त कर अपने व्यवसाय का विस्तार किया। अब वे जैन भवन चौक पर रेडीमेड कपड़ों की दुकान सफलतापूर्वक चला रहे हैं। शिवकुमार ने बताया कि इस योजना के कारण उनकी आय में वृद्धि हुई है, और वे अपने परिवार का पालन-पोषण बेहतर तरीके से कर पा रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए इसे शहरी पथ विक्रेताओं के लिए वरदान बताया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 30 अप्रैल से 13 मई 2025
03 मई से 16 मई 2025, 08 मई से 21 मई 2025
11 मई से 24 मई 2025, 14 मई से 27 मई 2025,
19 मई से 01 जून 2025, 22 मई से 04 जून 2025,
25 मई से 07 जून 2025, 30 मई से 12 जून 2025,
02 जून से 15 जून 2025, 05 जून से 18 जून 2025,
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशि:-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411